## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, एवं पदेन भू–अभिलेख अधिकारी रायपुर, भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी :– श्रीमति करूणा लाड़ोती, आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन नम्बर :– 8 / 2025

जी.सी.एम.एस. नम्बर :– 2025 / [illegible]55

**अनवान**

1. नेनुबाई पत्नि उदयनाथ जोगी निवासी भटेवर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

**प्रार्थी**

**बनाम**

1. लादीदेवी पत्नि मिश्रीलाल लोहार निवासी भटेवर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
2. कन्हैयालाल पिता गोकल लोहार निवासी भटेवर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
3. देउदेवी पत्नि गोकल लोहार निवासी भटेवर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
4. लेहरूलाल पिता गोकल लोहार निवासी भटेवर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
5. गोपी पिता जगन्नाथ लोहार निवासी भटेवर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
6. पीथा पिता जगन्नाथ लोहार निवासी भटेवर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
7. मांगु पिता जगन्नाथ लोहार निवासी भटेवर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
8. मिठुलाल पिता जगन्नाथ लोहार निवासी भटेवर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
9. पेमा पिता जगन्नाथ लोहार निवासी भटेवर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
10. सुरेश पिता भैरू लोहार निवासी भटेवर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
11. भैरूसिंह पिता प्रतापसिंह राजूपत निवासी भटेवर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
12. प्रेमकंवर पत्नि पाबुसिंह राजूपत निवासी भटेवर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
13. पन्नालाल पिता रामलाल गुर्जर निवासी भटेवर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
14. आशादेवी पत्नि नरेन्द्रसिंह कोठारी, महाजन, निवासी रायपुर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

**विपक्षीगण**

### प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956
### (वास्ते–विवादित भूमि की पत्थरगढ़ी करने बाबत)

उपस्थित

1. हरिशचन्द्र टेलर – प्रार्थी अधिवक्ता
2. विपक्षी संख्या 1 लगायत 14 एकपक्षीय

सहायक कलक्टर
(एस.डी.ओ.) रायपुर

# निर्णय

दिनांकः—07.05.2025

1. संक्षिप्त मे आवेदन के सुसंगत तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि राजस्व ग्राम भटेवर पटवार हल्का सरेवड़ी तहसील रायपुर के खेत की आराजी संख्या 2119/445 रकबा 0.97 है0, आराजी संख्या 2120/445 रकबा 0.04 है0, आराजी संख्या 444 रकबा 0.35 है0 कुल किता 3 कुल रकबा 1.36 है0 भूमि राजस्व खाता संख्या 112 पर दर्ज होकर स्थित है। प्रमाण में नकल जमाबंदी मय नक्शा ट्रेस प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत की हैं। प्रार्थी की उक्त आराजियात के चारों तरफ सीमा के मुश्तकील निशानात नही होने से प्रार्थी को काश्त करने, काश्त लाभ प्राप्त करने, घास आदि काटने व मवेशी चराने में दरम्यान विपक्षीगणो से सीमा सम्बन्धी विवाद बना रहता है जिससे प्रार्थी को अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना आवश्यक हो गया है। प्रार्थी ने विपक्षीगण को कई मर्तबा को उक्त आराजी की पत्थरगढ़ी कराने बाबत् कहा लेकिन विपक्षीगण हरबार टालम टोली कर देते है। प्रार्थी ने विपक्षीगण को अन्तिम बार दिनांक 08.01.2025 को कहा लेकिन विपक्षीगण द्वारा इन्कार कर दिया गया, जिससे प्रार्थी को प्रार्थना पत्र पेश करने हेतु विवश होना पड़ा है। अतः प्रार्थी द्वारा उक्त वर्णित आराजियात की पत्थरगढ़ी कराये जाने हेतु यह आवेदन पत्र पेश किया गया है।
2. प्रार्थी का आवेदन दर्ज रजिस्टर किया गया। विपक्षीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। बावजूद सम्यक् तामील विपक्षी संख्या 1 लगायत 14 को पर्याप्त अवसर दिये जाने के उपरान्त भी उपस्थित नही होने पर दिनांक 08.04.2025 को विपक्षीगण के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई।
3. प्रार्थी अधिवक्ता की एक पक्षीय बहस सुनी। वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यो को दोहराते हुए बहस में निवेदन किया कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम भटेवर पटवार हल्का सरेवड़ी तहसील रायपुर के खेत की आराजी संख्या 2119/445 रकबा 0.97 है0, आराजी संख्या 2120/445 रकबा 0.04 है0, आराजी संख्या 444 रकबा 0.35 है0 कुल किता 3 कुल रकबा 1.36 है0 भूमि राजस्व खाता संख्या 112 पर दर्ज होकर स्थित है। प्रमाण में नकल जमाबंदी मय नक्शा ट्रेस प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत की हैं। प्रार्थी की उक्त आराजियात के चारों तरफ सीमा के मुश्तकील निशानात नही होने से प्रार्थी को काश्त करने, काश्त लाभ प्राप्त करने, घास आदि काटने व मवेशी चराने में दरम्यान पक्षकारान आपस मे सीमा सम्बन्धी विवाद बना रहता है, जिससे प्रार्थी को अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराने हेतु आवेदन पेश किया है।
4. हमने विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी और बहस पर मनन किया तथा पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड व संलग्न दस्तावेजात का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया तथा

सहायक कलक्टर
(एस.डी.ओ.)रायपुर

विधि के परिप्रेक्ष्य में तथ्यो का विवेचन किया। जिससे स्पष्ट है कि ग्राम भटेवर पटवार हल्का सरेवड़ी तहसील रायपुर के खेत की आराजी संख्या 2119/445 रकबा 0.97 है0, आराजी संख्या 2120/445 रकबा 0.04 है0, आराजी संख्या 444 रकबा 0.35 है0 कुल किता 3 कुल रकबा 1.36 है0 भूमि राजस्व खाता संख्या 112 पर दर्ज होकर स्थित है, जो पत्रावली में संलग्न विवादित भूमि की जमाबन्दी संवत 2074–2077 का अवलोकन करने से स्पष्ट है। इस प्रकार प्रार्थी के संलग्न विवादित भूमि का अभिलिखित खातेदार है, और अभिलिखित खातेदार अपनी भूमि की पत्थरगढ़ी करवाने के लिए स्वतंत्र है, जिसके प्रार्थी हकदार प्रतीत होता है।

5. हस्तगत प्रकरण के निस्तारण के लिए हम यहां धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 का उल्लेख करना उचित समझते है, जिसके अनुसार :–

**धारा 128 सीमा विवाद**–सम्बन्धी समस्त विवाद भू–अभिलेख अधिकारी द्वारा धारा 111 में निर्धारित रीति से किए जायेगें:

1.(परन्तु खेतो के सीमाओं सम्बन्धी आवेदन–पत्र, जहां यद्यपि ऐसी सीमा के विषय मे कोई विवाद विद्यमान नहीं हो किन्तु सही सीमा चिन्हों के अभाव में ऐसी विवाद उठानें की सम्भावना हो तो तहसीलदार को ही पेश किए जायेगें तथा उसी के द्वारा निपटाये जायेगें)

उक्त प्रावधान से स्पष्ट है, कि सीमाओं में विवाद की स्थिति होने पर विवादो का निपटारा न्यायालय हाजा के स्तर से किया ज़ाना है। हस्तगत प्रकरण में पत्रावली पर ऐसा कोई दस्तावेजी साक्ष्य सबूत उपलब्ध नही है, जिससे साबित होता हो कि प्रकरण में प्रश्नगत भूमि की सीमाओं को लेकर कोई विवाद हों। चूंकि राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम की धारा 128(1) के अनुसरण में सीमा से सम्बधित निर्विवाद मामलों को तहसीलदार द्वारा निपटाया जाना है, अतः हस्तगत प्रकरण में हम प्रार्थी को अपनी खातेदारी भूमि के सीमाज्ञान बाबत् तहसीलदार के समक्ष प्रार्थना पत्र/आवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करना उचित समझते है।

6. उपर्युक्त विवेचन के उपरान्त न्यायालय इस निष्कर्ष पर पंहुँचा है कि प्रार्थी अपनी खातेदारी भूमि का सीमाज्ञान करवानें हेतु तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर आवेदन करने का हकदार है। ऐसी सूरत में प्रार्थी का आवेदन आशिंक स्वीकार किया जाना न्यायासंगत एवं उचित प्रतीत होता है।

## –: आदेश :–

अतः उपर्युक्त विवेचन के आलोक में आवेदन–पत्र प्रार्थी अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 आंशिक रूप से स्वीकार किया जाता है तथा प्रार्थी के

सहायक कलक्टर
(एस.डी.ओ.) रायपुर

सीमाज्ञान हेतु आवेदन पेश करने पर राजस्व ग्राम भटेवर पटवार हल्का सरेवड़ी तहसील रायपुर के खेत की आराजी संख्या 2119/445 रकबा 0.97 है0, आराजी संख्या 2120/445 रकबा 0.04 है0, आराजी संख्या 444 रकबा 0.35 है0 कुल किता 3 कुल रकबा 1.36 है0 भूमि की पैमाईश करते हुए विधिनुसार कार्यवाही करने हेतु तहसीलदार रायपुर को निर्देशित किया जाता है। वक्त कार्यवाही सम्बंधित खातेदारो के मौके कब्जे में किसी प्रकार का परिवर्तन नही किया जाए तथा स्थगन होने की दशा में स्थगन की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए। प्रकरण में प्रश्नगत आराजी की सीमाओं में विवाद होने की दशा में मौका फर्द में इसका अंकन किया जाकर पालना रिपोर्ट प्रेषित करें। पत्रावली इसी कदर निर्णीत होकर संख्या से एक कम होकर दाखिला दफ्तर हों।

(करूणा लाड़ोती)
उपखण्ड अधिकारी
रायपुर जिला भीलवाड़ा

आदेश आज दिनांक 07.05.2025 को सर–ए–इजलास सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
रायपुर जिला भीलवाड़ा